सं० सं०– टी–3/भवन–66/2016........................../

**बिहार सरकार**

**श्रम संसाधन विभाग**

**निदेशालय, नियोजन एवं प्रशिक्षण (प्रशिक्षण पक्ष)**

**नियोजन भवन, चतुर्थ तल, बेली रोड, बिहार, पटना–01**

कौशलं बलम्

बिहार सरकार

**प्रेषक,**

संयुक्त सचिव,
श्रम संसाधन विभाग
बिहार, पटना।

**सेवा में,**

महालेखाकार, बिहार,
वीरचन्द पटेल पथ, पटना।

पटना, दिनांक–............/.........../**2025**

**विषयः–** **औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान, उदाकिशुनगंज, मधेपुरा के प्रशासनिक भवन, कर्मशाला भवन, प्राचार्य एवं उप प्राचार्य आवास, चहारदीवारी एवं स्टाफ हॉस्टल के रंग–रोगन तथा मरम्मति का कार्य हेतु कुल राशि रू0 26,56,900/– (छब्बीस लाख छप्पन हजार नौ सौ) मात्र की प्रशासनिक स्वीकृति के संबंध में।**

**महाशय,**

उपर्युक्त विषय के संदर्भ में कहना है कि औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान, उदाकिशुनगंज, मधेपुरा के प्रशासनिक भवन, कर्मशाला भवन, प्राचार्य एवं उप प्राचार्य आवास, चहारदीवारी एवं स्टाफ हॉस्टल के रंग–रोगन तथा मरम्मति का कार्य हेतु अभियंता प्रंमुख–सह–अपर आयुक्त–सह–विशेष सचिव, भवन निर्माण विभाग, बिहार, पटना द्वारा तकनीकी अनुमोदित प्राक्कलित राशि के आधार पर वित्तीय वर्ष 2024–25 में कुल राशि रू0 26,56,900/– (छब्बीस लाख छप्पन हजार नौ सौ) मात्र की प्रशासनिक स्वीकृति प्रदान की जाती है।

2. इस स्कीम के अन्तर्गत उक्त राशि की निकासी मुख्य शीर्ष–4059 लोक निर्माण कार्य पर पूंजीगत परिव्यय, उप मुख्य शीर्ष– 60– अन्य भवन, लघु शीर्ष–051– निर्माण उपशीर्ष–0112–औ0 प्र0 संस्थानों के भवनों का निर्माण/पुनर्निर्माण/उन्नयन, राज्य योजना के विपत्र कोड–03–4059600510112 से वित्तीय वर्ष 2024–25 में प्रावधानित राशि से की जाएगी।

3. इस राशि की निकासी भवन निर्माण विभाग द्वारा प्राधिकृत निकासी एवं व्ययन पदाधिकारी द्वारा की जायेगी तथा इसके नियंत्री पदाधिकारी प्रधान सचिव/सचिव भवन निर्माण विभाग, बिहार, पटना होंगे।

4. इस राशि की निकासी जिला कोषागार, मधेपुरा से की जायेगी।

5.कार्य का भौतिक, वित्तीय प्रगति प्रतिवेदन तथा उपयोगिता प्रमाण–पत्र प्रधान सचिव/सचिव, भवन निर्माण विभाग के माध्यम से महालेखाकार एवं निदेशालय, नियोजन एवं प्रशिक्षण को मासिक त्रैमासिक एवं वार्षिक रूप में समर्पित किया जाना सुनिश्चित किया जायेगा।

6. प्रशासनिक स्वीकृति संबंधी प्रस्ताव पर विभागीय सचिव का अनुमोदन प्राप्त है।

7. संचिका संख्या– टी–3/भवन–66/2016 टि० पर आन्तरिक वित्तीय सलाहकार की सहमति प्राप्त है।

विश्वासभाजन,

ह0/–
संयुक्त सचिव
श्रम संसाधन विभाग
बिहार, पटना।

ज्ञापांक– टी–3 / भवन–66 / 2016....... पटना, दिनांक–............ / ........... / 2025

प्रतिलिपिः–माननीय मंत्री, श्रम संसाधन विभाग के आप्त सचिव / योजना एवं विकास विभाग (चार प्रतियों में) / वित्त विभाग (बजट शाखा) / विकास आयुक्त के प्रधान आप्त सचिव / सचिव, श्रम संसाधन विभाग के सचिव / आंतरिक वित्तीय सलाहकार, श्रम संसाधन विभाग, बिहार, पटना को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यार्थ प्रेषित।

ह0 / –
संयुक्त सचिव
श्रम संसाधन विभाग
बिहार, पटना।

ज्ञापांक– टी–3 / भवन–66 / 2016 672 पटना, दिनांक– 25 / 02 / 2025

प्रतिलिपिः–आयुक्त, कोसी(सहरसा) / जिला पदाधिकारी, मधेपुरा / जिला कोषागार, पदाधिकारी, मधेपुरा / कार्यपालक अभियन्ता, भवन प्रमण्डल, मधेपुरा / प्राचार्य, औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान, उदाकिशुनगंज, मधेपुरा / मुख्यालय के सभी पदाधिकारी / मासिक व्यय विवरणी शाखा / बजट शाखा / योजना शाखा / आई०टी० मैनेजर (विभागीय वेबसाइट पर प्रकाशनार्थ), श्रम संसाधन विभाग को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यार्थ प्रेषित।

24.2.25
संयुक्त सचिव
श्रम संसाधन विभाग
बिहार, पटना।